## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# शीतकालीन गद्दीस्थल में विराजमान हुए बाबा केदार

**उत्सव डोली**

## अगले छह माह यही होगी भोले बाबा की नित्य पूजाएं

**संवाददाता**



रुद्रप्रयाग। केदारनाथ भगवान की पंचमुखी उत्सव डोली अपनी शीतकालीन गद्दी ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान हो गई है। अब आने वाले छह महीने तक यहीं पर भोले बाबा की नित्य पूजाएं संपन्न होंगी। भक्ति यहीं पर केदार बाबा के दर्शन कर सकते हैं।

छह नवंबर को कुछ हिमालय में विराजमान केदार बाबा के कपाट भैया दूज के अवसर पर विधि विधान से बंद हुए थे। इसी दिन पंचमुखी उत्सव डोली अपने पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया था। विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी प्रवास के बाद आज डोली ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ पहुंची।

इस अवसर पर पुजारी बागेश लिंग, रावल भीमाशंकर के प्रतिनिधि केदार लिंग, गंगाधर लिंग, शिवशंकर लिंग सहित डोली प्रभारी अरविंद शुक्ला, तीर्थ पुरोहित स्थानीय पंचगाई प्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके बाद केदारनाथ भगवान की पंचमुखी डोली शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में विराजमान हो गई है।

इसके साथ ही भगवान केदारनाथ की शीतकालीन पूजा भी शुरू हो गयी है। अब भक्त आगामी 6 महीने तक यहीं पर केदार बाबा के दर्शन कर सकते हैं। देवस्थानम बोर्ड के मीडिया प्रभारी हरीश गौड़ ने बताया कि अभी तक चार लाख पैंसठ हजार से अधिक तीर्थयात्री चारधाम पहुंच गये हैं।

## न्यूज डायरी

### एनएचएम कर्मियों की हड़ताल, जांच को भटके मरीज

**संवाददाता** रुड़की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को हड़ताल रखी। कर्मचारी एकत्रित होकर प्रदर्शन के लिए देहरादून पहुंचे। हड़ताल के कारण अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रही। इससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा दिक्कत पैथोलाजी, एक्स–रे और डीइआइसी में उपचार को आए मरीजों को उठानी पड़ी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े कर्मचारियों ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर चार माह पहले हड़ताल की थी। शासन ने उस समय चार मांगों को मान लिया था। साथ ही पांच मांगों के लिए आश्वासन दिया था, लेकिन आश्वासन के चार माह बाद भी लंबित मांगों पर कोई विचार न होने से परेशान एनएचएम कर्मियों ने सोमवार को सामूहिक रूप से अवकाश रखा।

### एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स इंडिया ब्रांड एंबेसेडर सहयोग का करेंगे नवीनीकरण

**संवाददाता** देहरादून। एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने मोबिल इंडिया के लिए टोक्यो ओलंपिक्स, में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों – नीरज चोपड़ा, मीराबाई चानू और बजरंग पुनिया के साथ अपने ब्रांड एंबेसेडर सहयोग का नवीनीकरण करने की घोषणा की। नई दिल्ली में हुए भव्य सम्मान समारोह में कंपनी के टॉप रिटेलर्स की मौजूदगी में यह घोषणा की गई। टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों की पदक तालिका में सात मेडल के साथ भारत का ओलंपिक अभियान बेहद सफल रहा। नीरज चोपड़ा ट्रैक एंड फील्ड एथेलेटिक्स इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले और व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय बने। मीराबाई चानू सिल्वर मेडल जीतने वाली पहली भारतीय वेटलिफ्टर बनीं।

### इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन एंड सॉफ्टवेयर कंपनी एक स्पोर्ट्स सॉफ्टवेयर करेगी लॉन्च

**संवाददाता** हरिद्वार। इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन एंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड, एक आईटी सॉल्युशन उपलब्ध करवाने वाली कंपनी है, जो भारतीय व्यवसायों के लिए डेस्कटॉप, डेटा सिक्योरिटी और हेल्प–डेस्क सपोर्ट, सर्वर, बैकअप, नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेशन, आदि के माध्यम से आईटी सेवाओं की एक पूरी रेंज प्रदान करती है। कंपनी ने बीएसई को सूचित किया है कि वह एक स्पोर्ट्स सॉफ्टवेयर क्रिकेट फैंटेसी विकसित करने की प्रक्रिया में है, जिसे मार्च 2022 में लॉन्च किया जाएगा। इस संबंध में अंतिम निर्णय अगली बोर्ड बैठक में किया जाएगा। शुरुआत में बीटा वर्जन लॉन्च किया जाएगा। इसका मूल्यांकन 2022 की पहली तिमाही में नजर आने की उम्मीद है। कंपनी को इस उत्पाद में ज्यादा मुनाफा होने के कारण इसके एक गेमचेंजर होने की उम्मीद है।

## भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिये हरित विकास जरूरी

**संवाददाता** ऋषिकेश। विश्व शहरीकरण दिवस के अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने वैश्विक स्तर पर सतत और सुरक्षित विकास का आह्वान करते हुये कहा कि भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिये हमें हरित विकास को बढ़ावा देना होगा।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को उनके जन्मदिन के अवसर पर दीर्घायु, दिव्यायु व स्वस्थ जीवन की कामना करते हुये कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों को जीने वाले आडवाणी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ाने में अद्भुत योगदान प्रदान किया है।

स्वामी ने आज विश्व शहरीकरण दिवस के अवसर पर कहा कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के सतत और सुरक्षित विकास के साथ पर्यावरणीय प्रभाव को ध्यान में रखते हुये निर्माण करने पर विशेष जोर देना होगा। वर्ष 2050 तक भारत के शहरी निवासियों की संख्या में 416 मिलियन की बढ़ोतरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

स्वामी ने कहा कि हमें प्रदूषण को कम करने तथा सतत विकास के लिये शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिये आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संबंधों को ध्यान में रखकर शहरी एवं ग्रामीण दोनों के निवासियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिये सभी के सहयोग की आवश्यकता है।



## पूर्व कैबिनेट मंत्री आर्य के समर्थकों ने फूंका सीएम का पुतला

**संवाददाता** बाजपुर। हल्द्वानी में रामलीला मैदान में 10 नवंबर को प्रस्तावित कांग्रेस के शंखनाद व सम्मान समारोह कार्यक्रम को कैंसिल कराकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का उस दिन कार्यक्रम कराने का आरोप लगाते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य के समर्थकों ने भगत सिंह चौक पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने मुख्यमंत्री के पुतले को आग के हवाले किया। कांग्रेस कार्यकर्ता सीएम के पुतले के साथ जुलूस की शक्ल में सोमवार को भगत सिंह चौक पर पहुंचकर पुतला फूंका। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस के बढ़ते जनाधार व पूर्व कैबिनेट मंत्री आर्य की लोकप्रियता से भाजपा पूरी तरह से बौखला गई है।

## महाविद्यालय में प्रवेश सीट बढ़ाने को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

**संवाददाता** रुद्रपुर। महाविद्यालय में प्रवेश सीट बढ़ाने समेत 12 सूत्रीय मांगों को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। साथ ही प्राचार्य कार्यालय के बाहर हंगामा करते हुए मांग जल्द पूरी न होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी दी। मामला बढ़ता देख प्राचार्य ने धरनास्थल पहुंचकर विद्यार्थियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। उन्होंने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं कर दी जातीं, छात्रों का धरना–प्रदर्शन इसी तरह चलता रहेगा।

एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सरदार भगत सिंह राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य कमल किशोर पांडेय के कार्यालय के



बाहर हंगामा करते हुए कहा कि कोरोना काल में इंटरमीडिएट के छात्रों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। जिसके बाद कॉलेज में सीटें नहीं बढ़ने से छात्रों का प्रवेश नहीं हो पाया है।

महाविद्यालय परिसर में पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करने, विद्यार्थियों के लिए अलग अलग शौचालय बनाए जाने, सोलर विद्युत व्यवस्था को सुचारू करने, बिजली न होने की दशा में जनरेटर मुहैया कराने, पार्किंग टेंडर नहीं होने, कैंटीन की सुविधा शुरू करने और महाविद्यालय के प्रांगण की हालत को सुधारने, नये सत्र की ऑफलाइन कक्षा शुरू करने और वंचित विद्यार्थियों को प्रवेश देने, स्नातक बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के प्रवेश आवेदन को देखते हुए बीस फीसदी सीटें बढ़ाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह भूख हड़ताल करेंगे। धरना प्रदर्शन करने वालों में चंदन भटट, नरेश सिंह, कमल पांडे, पवन कुमार, अभिजीत सिंह, लोकेश सिंह, शीतल रानी, ज्योति रानी, शिवांश कुमार, रंजीत कुमार, कैलाश कुमार, भावना देवी, रचित सिंह आदि शामिल थे।

## कार्बेट रिजर्व के बफर जोन पाखरो में इसी माह से टाइगर सफारी

**संवाददाता** देहरादून। कार्बेट टाइगर रिजर्व के बफर जोन पाखरो में स्थापित हो रही टाइगर सफारी भले ही इन दिनों पेड़ कटान को लेकर चर्चा में हो, लेकिन प्रदेश सरकार का प्रयास है कि सफारी इसी माह से शुरू कर दी जाए। इसके लिए सफारी क्षेत्र में बन चुके एक बाड़े में बाघ छोड़ने की तैयारी है। यह कार्य पूर्ण होते ही टाइगर सफारी में सैलानी बाघ का करीब से दीदार कर सकेंगे। चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक दूसरे बाड़े समेत सभी निर्माण कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में जब कार्बेट टाइगर रिजर्व के भ्रमण पर ढिकाला आए थे, तब उन्होंने यहां टाइगर सफारी स्थापित करने का सुझाव दिया था। इसके बाद प्रदेश सरकार ने इसके लिए प्रयास शुरू किए। कार्बेट के बफर जोन पाखरो में 106 हेक्टेयर भूमि चयनित की गई। सफारी के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण समेत अन्य एजेंसियों से विधिवत मंजूरी मिलने के बाद पिछले वर्ष टाइगर सफारी का कार्य शुरू किया गया।